## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–06.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ संशोधन बिल को दी मंजूरी, इसके साथ ही वक्फ संशोधन बिल बना कानून।
2. रामनवमी के मौके पर आज राज्यभर में निकाली जाएगी भव्य झाकियां, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 24 जिलों में 12 हजार 7 सौ छियहत्तर से अधिक अतिरिक्त बल की तैनाती।
3. केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने की नक्सलियों से सरेंडर करने की अपील, इधर पश्चिमी सिंहभूम के जराइकेला में नक्सलियों का बंकर ध्वस्त, चार आईईडी बरामद।
4. आयुष्मान भारत योजना में हुए घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने रांची सदर अस्पताल के आयुष्मानकर्मी के आवास से करीब 16 लाख नगद किया जब्त।

और

5. राज्यभर में आज मौसम रहेगा साफ, मौसम विभाग ने कल उत्तर पूर्वी जिलों में वज्रपात और तेज हवा चलने का यलो अलर्ट किया जारी।

*******************

वक्त संशोधन विधेयक, 2025 कानून बन गया है। संसद के दोनों सदनों से पारित विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल देर रात मंजूरी दे दी। इसके साथ ही मुर्मु ने मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2025 को भी अपनी स्वीकृति दे दी है। राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद आजादी से पहले बना 1923 निरस्त हो गया है।

*******************

रामनवमी का त्योहार आज राज्य के सभी जिलों सहित पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों में शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसको लेकर कल समीक्षा बैठक में कई निर्देश दिये हैं साथ ही हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार ही शोभायात्रा निकालने की हिदायत दी है।

रामनवमी को लेकर राजधानी रांची सहित राज्य के 24 जिलों में 12,767 से अधिक अतिरिक्त बल की तैनाती की गयी है। इनमें डीएसपी, इंस्पेक्टर, दारोगा, रैपिड एक्शन पुलिस, लाठी बल, सशस्त्र बल, सीएपीएफ, होमगार्ड, अश्रु गैस दस्ता, अग्निशमन दस्ता और बम निरोधक दस्ता को तैनात किया गया है।

इधर, देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम में रामनवमी के अवसर पर विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है।

*******************

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगले वर्ष 31 मार्च से पहले छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश से नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कल वामपंथी उग्रवाद की स्थिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए गृहमंत्री ने नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील की है।

गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद का समूल नाश करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान कल देर शाम जराईकेला थाना क्षेत्र के बाबूडेरा गांव के आसपास के जंगल में नक्सलियों द्वारा बनाए गए 16 बंकरों को ध्वस्त कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि इन बंकरों में 40 से 45 लोगों के रहने की व्यवस्था थी। एसपी श्री शेखर ने यह भी बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान 5–5 किलोग्राम वज़न के चार आईईडी भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सर्च ऑपरेशन जारी रखा गया है।

*******************

गोड्डा में अदाणी पावर प्लांट में मजदूरों का भूख हड़ताल और आंदोलन चल रहा है। इस मामले को लेकर श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने बयान जारी कर मजदूरों को संयम से काम लेने की अपील की है। मज़दूरों के लिये जो नियम और शर्तो का मसौदा तैयार किया है उसके विपरीत कार्य नहीं होने दिया जायेगा।

वहीं गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने मजदूरों से किसी भी तरह के राजनीति से बचने और आंदोलन को खत्म करने की अपील की है।

*******************

आयुष्मान योजना में हुए घोटाला मामले की जांच कर रही ईडी की छापेमारी कल समाप्त हो गई। तीन राज्यों झारखंड, बंगाल और दिल्ली में 21 ठिकानों पर चली इस छापेमारी में रांची सदर अस्पताल के आयुष्मानकर्मी आशीष रंजन के आवास से करीब सोलह लाख रुपये नकद की बरामदगी हुई है। वहीं, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के पीएस ओमप्रकाश के घर से दो लाख रुपये नकद की जब्ती हुई है। प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार विभिन्न ठिकानों से ईडी ने कई जमीन और फ्लैट्स के कागजात भी जब्त किए हैं जिसकी जांच चल रही है।

*******************

आसनसोल मंडल के डीआरएम चेतनानंद सिंह ने गिरिडीह रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बल के भवन का उदघाटन किया। इस मौके पर डीआरएम ने बताया कि गिरिडीह रेलवे स्टेशन के विकास को लेकर रेलवे प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। साथ ही महेशमुंडा स्टेशन के विकास को लेकर भी योजनाबद्ध तरीके से काम जारी है।

*******************

पाकुड़ जिले में कृषि के साथ—साथ पशुपालन को भी बढ़ावा देने पर जिला प्रशासन जोर दे रहा है।

*******************

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में आज मौसम साफ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार कल से फिर से राज्य के उत्तर—पूर्वी जिलों में मौसम में बदलाव होने की सम्भावना है। देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ तथा साहेबगंज शामिल है। इन जिलों के कुछ इलाकों में गर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किमी की गति से हवा चलने की आशंका है। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही विभाग ने राज्य के अन्य कई इलाकों के लिए भी वज्रपात, गर्जन और 40—50 किमी की गति से तेज हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

*******************

आईपीएल के 18वें सीजन में कल खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को उसके घरेलू मैदान मुल्लांपुर में 50 रनों से मात दी। पंजाब की यह इस सीजन की पहली हार रही, जबकि राजस्थान ने दमदार वापसी के संकेत दिए हैं।

वहीं चेन्नई में खेले गये मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 25 रनों से हराया।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां—

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने रामनवमी की तैयारियों और इसे लेकर मुख्यमंत्री द्वारा दिए गये निर्देश की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर और हिंदुस्तान ने रामनवमी को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा दिए गये निर्देश की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है ट्रम्प टैरिफ — भारतीय निर्यात घटेगा, लेकिन टीवी खाद्य तेल सस्ते होंगे।

दैनिक जागरण ने आयुष्मान घोटाला में रांची सदर अस्पताल के आयुष्मान कर्मी के आवास से करीब 16 लाख नगद बरामदगी की खबर को सुर्खी बनायी है।

वहीं अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीलंका दौरे की खबर को सुर्खी बनाई है

***************